रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल के पर्याप्त भंडार

▶ कलेक्टर ने कहा आम उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं...

बड़वानी, (नवभारत)।
जिले में घरेलू रसोई गैस सहित ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभागृह में जिले में घरेलू गैस और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति के लिए जिले के घरेलू गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों, पेट्रोल पंप संचालकों एवं केटरिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसीएल एजेंसियों के प्रतिनिधि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों (सभी एसडीएम) को निर्देश दिए कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर एवं ईंधन वितरण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने घरेलू गैस वितरक कंपनियों के प्रतिनिधियों को बफर स्टॉक रखने एवं प्रतिदिन मूल्यांकन कर मांग और वितरण की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिला आपूर्ति अधिकारी भरत सिंह जमरे ने बताया कि सभी गैस एजेंसी संचालक पंजीकृत उपभोक्ताओं को उनके द्वारा की गई बुकिंग के अनुरूप ही रिफिल प्रदाय करेंगे। रिफिल बुकिंग की वरीयता अनुसार ही सिलेंडर का प्रदाय किया जाए। 1 से 5 तक की बुकिंग में सर्वप्रथम 1 तारीख वाले हितग्राही को बाद 2 तारीख वालों को इसी तरह वरीयता सुनिश्चित की जाए। गैस की उपलब्धता कराए जाने के लिए मांग समय पर कंपनी को उपलब्ध कराई जाए। डिलिवरी बॉय की मॉनिटरिंग की जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को ही सिलेंडर रिफिल की सुविधा प्राप्त हो सके। ऑयल कंपनियों द्वारा शहरी क्षेत्रों में सिलेंडर की अगली बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है।

कलेक्टर ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी की जाए और किसी तरह की कालाबाजारी नहीं होने दी जाए। यदि होटल या अन्य व्यवसायों को घरेलू सिलेंडर दिए जाने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी नागरिकों को घरेलू गैस एवं ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग एवं पैनिक बुकिंग न करने अपील की है। घरेलू गैस वितरण की ऑनलाईन व्यवस्था को और मजबूत कर इससे जुड़ी कंपनियां भी सर्वर आदि की क्षमता में सुधार कर रही हैं, जिससे रिफिल बुकिंग, ओटीपी जनरेशन और वितरण बिना असुविधा के किया जा सके। पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाए। जिन कामों में गैस ज्यादा खर्च होती है, उनको नियंत्रित करने एवं विकल्प तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाए।

वैकल्पिक साधनों के उपयोग की सलाह

बैठक में बताया कि वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अस्थाई रूप से प्रभावित है। इसलिए होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को अस्थाई रूप से डीजल भट्टी, इंडक्शन, इंफ्रारेड इलेक्ट्रिक कॉइल जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

सहायक संचालक ने किया निरीक्षण

बड़वानी, (नवभारत)।
सहायक संचालक (शिक्षा) नूपुर पाटीदार ने शुक्रवार पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। पाटीदार ने शैक्षणिक गतिविधियों, आगामी परीक्षाओं की तैयारियों, कक्षाओं के संचालन तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का सुक्ष्म अवलोकन किया। प्रयोगशाला, पुस्तकालय व स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण कर जानकारी ली। वहीं शिक्षकों से संवाद भी किया।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी शीला चौहान, सहायक संचालक शिक्षा जेएस परमार तथा एडीपीसी मनोज भावसार भी उपस्थित थे। सहायक संचाल ने शिक्षकों को निर्देशित भी किया।

उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें छात्र

सहायक संचालन ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके लाभ से पूर्णत: जोड़ा जाए, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन के साथ अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

एक नजर में

राष्ट्रीय नेक इंसान दिवस पर किया सम्मानित

बड़वानी। रोटरी क्लब एवं अजित जैन मित्र मंडल के सेवा कार्यों में सहयोगियों को राष्ट्रीय नेक इंसान दिवस पर मुख्य अतिथि एसडीएम भूपेंद्र रावत ने प्रमाण-पत्र देकर कर सम्मानित किया। नेक कार्य के लिए एसडीएम रावत ने शासकीय अस्पताल के टीबी वार्ड की सिस्टर भावना कुशवाह, अनीता मायरिया, आया बाई किरण सेन व रेन बसेरे के राहुल यादव, रितेश वास्केले, सौरभ यादव, प्रवीण श्रीवास एवं दीपक श्रीवास को सम्मानित किया। रोटरी क्लब सचिव ललित जैन एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन ने बताया कि ये ऐसे लोगों का सम्मान है, जो विकट परिस्थिति में मन से सेवा करते हैं। कई अर्धविक्षिप्त मरीज होते हैं, कई लोग ऐसे भी होते हैं, जो वर्ष भर से नहाया भी न हो। ऐसे लोगों को रखना, उनसे बातचीत कर ईलाज करना, उनकी नि:शुल्क हजामत करना ये सभी कार्य अकल्पनीय है। जहां लोग उन विक्षिप्त लोगों को देखकर दूर भागते हैं, वहां ये लोग सेवाकार्य मे आगे आते हैं। इस दौरान रोटरी क्लब अध्यक्ष अशोक दोषी, राजेन्द्र गुप्ता, जेएल नरगावे एवं अनिल सिंह उपस्थित थे।

संबल और अन्य योजनाओं का दिया लाभ

▶ चुना भट्टी क्षेत्र में नगर पालिका ने लगाया समाधान शिविर

बड़वानी, (नवभारत)।
शासन के निर्देशानुसार संचालित संकल्प से समाधान अभियान नगर पालिका द्वारा संचालित किया जा रहा है। 13 मार्च को वार्ड क्रं. 20, 21, 22 एवं 24 के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने चुना भट्टी में समाधान शिविर आयोजित किया। जिसमें क्षेत्रवासियों की समस्याओं एवं आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान संबल योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान ने हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिविर में आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की।

शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिला तथा क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। शिविर में वार्ड पार्षद सेवंतीबाई बाबूलाल आर्य, नगर पालिका के पार्षद, निकाय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला अस्पताल में नि : शुल्क नेत्र शिविर

बड़वानी, (नवभारत)।
जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे और डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में नेत्र शिविर लगा। जिसमें जिले सहित खरगोन व धार से 41 लोगों की आंखों की जांच की।

सचिन शर्मा ने बताया कि नेत्र परीक्षण डीपीएम अनिल राठौड़ और डीपीएम दीपक सोनी ने किया। वार्ड बाय सुधीर सोनाने और धर्मेंद्र बिल्लौरे ने व्यवस्था सम्भाली। सुधीर कुमार पाण्डेय ने बताया कि परीक्षण के बाद 17 मरीज में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 6 का ब्लड शुगर और किसी का ब्लड प्रेशर अधिक होने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सकता था। 11 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर भेजा है। लायंस क्लब बड़वानी सिटी ने नि:शुल्क भोजन भी कराया। ब्लड प्रेशर-शुगर की भी जांच की गई।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

बड़वानी। जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के सभागृह में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व बैठक की कार्रवाई विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, वन पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक राजन मंडलोई, जिला पंचायत सीईओ काजल जावला सहित जिला पंचायत के सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर में

रोयल रिसोर्ट और एक गोडाउन को किया सील

महू. वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में बकाया राजस्व वसूली को लेकर प्रशासन सक्रिय है. इसी क्रम में बड़गोंदा तहसील टप्पा के ग्राम चौरड़िया में रोयल रिसोर्ट और ग्राम कोदरिया में रामचंद्र पिता सिद्धार्थनाथ के गोदाम को डायवर्शन शुल्क बकाया होने के चलते सील किया गया. यह कार्रवाई बड़गोंदा नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़ के नेतृत्व में राजस्व अमले द्वारा की गई. जानकारी में बताया गया है कि रोयल रिसोर्ट की 17,730 रूपए की टेक्स राशि बकाया है, जबकि रामचंद्र पिता सिद्धार्थनाथ के गोदाम की 63,967 की राशि बकाया है. राजस्व विभाग द्वारा कई बार नोटिस और सूचना देने के बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई. इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए रिसोर्ट और गोदाम को सील करने की कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार राधावल्लभ धाकड़ सहित क्षेत्रिए पटवारी व राजस्व अमला मौके पर मौजूद रहा.

लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए निकली वाहन रैली

महू. मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के यथा निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है. उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु तहसील विधिक सेवा समिति डॉ अंबेडकर नगर जिला इंदौर द्वारा विद्युत मंडल महू एवं छावनी परिषद महू के समन्वय से प्रचार प्रसार हेतु वाहन रैली का आयोजन किया गया. आयोजित प्रचार प्रसार वाहन रैली को अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति डॉ. प्रीति श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर महू शहर में भ्रमण हेतु रवाना किया गया ताकि आम नागरिकों को लोक अदालत की जानकारी प्राप्त हो सके. उक्त वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते समय न्यायाधीशगण विशाल शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश भरत कुमार व्यास पंचम जिला न्यायाधीश सारिका गिरी शर्मा, चतुर्थ जिला न्यायाधीश व न्यायाधीश गण हर्ष ठाकुर, निलेश मूलतकर, श्वेता मिश्रा, दीर्घा एरन, तन्वी माहेश्वरी, ठाकुर सोनाली बंसल, श्रद्धा सिंह, विभा आर्य, अभिलाष कैथल एवं समस्त न्यायालय कर्मचारी गण अभिभाषक संघ से अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर, सचिव अभिषेक जायसवाल व समस्त अभिभाषक गण व विद्युत मंडल महू से ओमप्रकाश गुप्ता सहायक यंत्री महू शहर प्रेम सिंह गणेश, मानपुर प्रभारी कनिष्क अभियंता नितेश कौरव गुर्जर खेड़ा प्रभारी सहायक अभियंता अवधेश अहिरवार, कनिष्ठ अभियंता हासलपुर एवं छावनी परिषद महू के कर्मचारी गण उपस्थित रहे.

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की थी 40 लाख की ठगी

- गुजरात गैंग का फरार आरोपी गिरफ्तार
- क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में सूरत से पकड़ा आरोपी
- गैंग के दो सदस्य पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

पीयूष परमार निवासी सूरत गुजरात

नव भारत न्यूज
इंदौर. क्राइम ब्रांच ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर सीनियर सिटीजन से 40 लाख 70 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाली गुजरात की अंतर्राज्यीय गैंग के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी लोगों को पुलिस, सीबीआई अधिकारी बनकर डराते थे और सुप्रीम कोर्ट के फर्जी दस्तावेज भेजकर उन्हें केस में फंसाने की धमकी देकर रकम ट्रांसफर करवा लेते थे. मामले में पुलिस अब तक 23 बैंक खातों को फ्रीज कर चुकी है, जबकि गैंग के दो अन्य आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका है.

इंदौर कमिश्नरेट में ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी दौरान एनसीआरपी पोर्टल पर इंदौर निवासी 71 वर्षीय सेवानिवृत्त नागरिक ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी. फरियादी के अनुसार 3 अक्टूबर 2024 को सुबह करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को बांदा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताते हुए कहा कि मुंबई में कैनरा बैंक से उनके नाम पर 2 करोड़ 60 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है और इसके बदले उन्हें 15 प्रतिशत कमीशन मिला है. इसके साथ ही आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की फर्जी कॉपी और अन्य कूटरचित दस्तावेज भेजकर उन्हें गिरफ्तारी की धमकी दी. आरोपियों ने फरियादी को कॉन्फ्रेंस कॉल के माध्यम से खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति से बात करवाई, जिसने अपना नाम आकाश कुलकर्णी बताया. उसने जांच के नाम पर फरियादी से उनके बैंक खातों की जानकारी ली और कहा कि रकम की जांच के लिए आरबीआई के खाते में पूरी राशि जमा करनी होगी. डर के कारण फरियादी ने अपनी एफडी तुड़वाकर और बैंक खाते से कई किश्तों में कुल 40 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए. बाद में जब पैसे वापस नहीं मिले तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच थाने में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया. जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले गुजरात से हिम्मत भाई देवानी (58) निवासी सूरत और अतुल गिरी गोस्वामी (46) निवासी कच्छ को गिरफ्तार किया था. वहीं अब इस मामले में फरार चल रहे आरोपी पीयूष परमार निवासी सूरत (गुजरात) को भी क्राइम ब्रांच टीम ने मुखबिर सूचना और साइबर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है.

गैंग को खाते उपलब्ध करवाते थे

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे ऑनलाइन ठगी के लिए गैंग को बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम करते थे. पुलिस ने ठगी से जुड़े 23 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है. फिलहाल गिरफ्तार आरोपी को रिमांड पर लेकर गैंग के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है.

खड़े ट्रक से टकराई केले से भरी आयशर, चालक-क्लीनर की मौत

इंदौर. कनाडिया थाना क्षेत्र में बिचोली हाप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. केले से भरा आयशर वाहन हाईवे पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गया, जिससे चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक आयशर वाहन राऊ से देवास की ओर जा रहा था. बिचोली हाप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई. हादसे के समय ट्रक पर जेसीबी मशीन खड़ी थी. टक्कर इतनी तेज थी कि आयशर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों लोग केबिन में फंस गए. हादसे में चालक रमेश उर्फ राजेश पिता फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश निवासी बोधवाड़ा, धार की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन जेसीबी और क्रेन की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों शव बाहर निकाले. प्रारंभिक जांच में देर रात अंधेरा होने के कारण सड़क पर खड़ा ट्रक और जेसीबी दिखाई नहीं देने की बात सामने आई है. पुलिस ने ट्रक और जेसीबी को जब्त कर जांच शुरू कर दी है.

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर की ऊपरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय घर में परिवार के सदस्य मौजूद थे, लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी. पुलिस के अनुसार ऋषि पैलेस निवासी सुनील (30) पिता हीरालाल ने बुधवार को अपने घर की ऊपरी मंजिल पर फंदा लगाकर जान दे दी. काफी देर तक नीचे नहीं आने पर उसकी मां उसे बुलाने ऊपर पहुंचीं, जहां वह फंदे पर लटका मिला. परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. सुनील एक मोबाइल बैटरी कंपनी में काम करता था. उसकी शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी और उसकी ढाई साल की एक बेटी है.

चिड़ियाघर में शेरनी मेघा ने तीन शावकों को दिया जन्म

बढ़ा शेर का कुनबा

नवभारत न्यूज़
इंदौर. कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय से एक सुखद खबर सामने आई है. शेरनी मेघा ने तीन शावकों को जन्म दिया है. चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार तीनों नन्हे मेहमान पूरी तरह स्वस्थ हैं और इन दिनों अपनी मां के साथ खेलते-कूदते नजर आ रहे हैं.

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेघा ने अपने परिवार को बढ़ाते हुए तीन बच्चों को जन्म दिया है. यह चिड़ियाघर के लिए गर्व और खुशी का विषय है. उन्होंने कहा कि इंदौर चिड़ियाघर का वातावरण वन्यजीवों के लिए अनुकूल है, जिसके कारण यहां शेर-शेरनियां स्वस्थ जीवन जीते हुए अपने परिवार का विस्तार कर पा रहे हैं. डॉ. यादव के अनुसार इस चिड़ियाघर में अब तक शेर-शेरनियों के 13 से अधिक शावकों का जन्म हो चुका है. यह उपलब्धि चिड़ियाघर की देखभाल और बेहतर प्रबंधन को दर्शाती है. उन्होंने बताया कि तीनों शावक फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित हैं और पशु चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है.

आने वाले दिनों में होगा नामकरण

शेरनी मेघा और शेर आकाश भी स्वस्थ हैं और अपने बच्चों के साथ आराम से समय बिता रहे हैं. चिड़ियाघर प्रशासन ने बताया कि आने वाले दिनों में इन तीनों शावकों का नामकरण किया जाएगा. साथ ही भविष्य में एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इन शावकों के माध्यम से अन्य चिड़ियाघरों से नए वन्य प्राणी भी लाए जा सकते हैं. इन नन्हे शावकों के आगमन से चिड़ियाघर में उत्साह का माहौल है और दर्शकों के लिए भी यह आकर्षण का नया केंद्र बनने वाला है.

चोइथराम मेडिक्लेम पेशेंट एडवांटेज के साथ अब मिलेंगे इन्शुरेंस पर एक्स्ट्रा फायदे

इंदौर. इंदौर के साथ साथ पूरे मध्यप्रदेश में अपनी सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों तथा विश्वस्तरीय तकनीक से इलाज के लिए खास पहचान रखता है चोइथराम हॉस्पिटल तथा रिसर्च सेंटर. प्रदेश की सबसे अनुभवी सर्जरी टीम के साथ सेवाओं के लिए तत्पर यह संस्थान एक और खास सुविधा प्रदान कर रहा है. चोइथराम मेडिक्लेम पेशेंट एडवांटेज नामक इस सुविधा के अंतर्गत मरीज अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी का एक्स्ट्रा लाभ ले सकता है. इसमें शामिल हैं- फ्री एक्सपर्ट काउंसिलिंग, खर्च की रिकवरी, फास्ट्रैक प्रोसेस और 50 हजार से अधिक के क्लेम पर 5 प्रतिशत तक का अतिरिक्त फायदा. मतलब सर्वोत्तम इलाज, त्वरित प्रक्रिया और आर्थिक लाभ सब एक साथ. अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर सुनील चांदीवाल, बताते हैं- 1979 में प्रदेश को पहला सुपर स्पेशियलिटी सेंटर देने वाले हमारे संस्थान ने हमेशा मरीजों के हितों और सेवा की भावना को प्राथमिकता दी है.

संत के प्रवचनों से प्रभावित होकर 15 वर्षीय छात्र घर से लापता

▶ पत्र लिखकर बोला अपने असली परिवार

इंदौर. कृष्ण विहार कॉलोनी में रहने वाला 15 वर्षीय छात्र बुधवार को घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया. परिजनों को उसके कमरे से एक पत्र मिला, जिसमें उसने संत प्रेमानंद महाराज के वचनों से प्रभावित होकर अपने असली परिवार के पास जाने की बात लिखी है. सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है.

एसआई गौतम ने बताया कि बच्चे के पिता ड्राइवर का काम करते हैं. बुधवार दोपहर वह क्रिकेट खेलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा. जब परिवार ने उसकी तलाश शुरू की तो घर में रखा एक पत्र मिला, जो बच्चे की लिखावट में था. पत्र में उसने अपने माता-पिता, भाई और दादा को संबोधित करते हुए लिखा है कि वह अपने असली परिवार के पास जा रहा है और उसे ढूंढने की कोशिश न की जाए. उसने यह भी लिखा कि वह किसी डांट-फटकार या पढ़ाई में खराब परिणाम के कारण घर नहीं छोड़ रहा, बल्कि उसे अपनी असलियत का एहसास हो गया है. बच्चे ने पत्र में लिखा कि अगर परिजन उसकी असलियत जानना चाहते हैं.

संभावित स्थानों पर कर रहे तलाश

पुलिस के अनुसार मामला सामने आने के बाद गुमशुदगी दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर बच्चे की तलाश की जा रही है. परिजनों से भी बच्चे के दोस्तों और परिचितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।